>

Title: Need to give 50% share to Rajasthan from the profits earned due to exploration of petroleum products from the State.

श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर) : महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान राजस्थान पेट्रोलियम की अच्छी संभावनाओं की ओर दिलाना चाहता हूं। पश्चिमी राजस्थान एक मरूस्थलीय भूभाग हैं, जहां आधारभूत सुविधाओं की कमी है, किंतु यह क्षेत्र खनिज सम्पदाओं से सम्पन्न हैं, विशेष रूप से पेट्रोलियम की अच्छी संभावनायें है। यह बाडमेर-सांचौर बेसिन में तेल की खोज एवं जैसलमेर जिले में गैस की खोज से सिद्ध होता है। पेट्रोलियम एवं गैस के खनन से स्थानीय निवासी प्रभावित होते हैं और भारत सरकार को राज्य के इन पेट्रोलियम संसाधनों से लाभ राशि प्राप्त होती है और क्योंकि पेट्रोलियम भंडार राज्यों में स्थित हैं और स्थानीय निवासियों के विकास एवं आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार को भी लाभ राशि में से हिस्सा मिलना चाहिए। राज्य सरकारें ने केन्द्र सरकार से इसके हिस्से से 50 प्रतिशत राशि की मांग की है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान से मिलने वाले पेट्रोलियम से प्राप्त लाभ का 50 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान को देने हेतु आवश्यक कदम उठाये जाये।